झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–16.01.2019

- **अक्टूबर 2019 तक निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता-- रघुवर दास , मुख्यमंत्री**
- **संस्कृति ही देश और राज्य की पहचान-- रघुवर दास मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि बिजली के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती. अक्टूबर 2019 तक निर्बाध रूप से 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा 80 ग्रीड और 257 सब स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। किसानों के लिए भी अलग फीडर होंगे. खेती के लिए 6 घंटे निर्बाध बिजली किसानों को इस फीडर के माध्यम से मिलेगी. गांव में बिजली सड़क जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचेंगे तो निश्चित रूप से गांव के लोगों का रहन सहन बदलेगा उन सभी के जीवन में बदलाव आएगा. उक्त बातें मुख्यमंत्री ने आज मधुपुर महोत्सव को संबोधित करते हुए कहीं.

राज्य से उग्रवाद गिन रहा है अंतिम सांसें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विकास को आंदोलन बनाना है. सरकार की प्राथमिकता आम जन की सुरक्षा है. आज झारखंड में उग्रवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है. उन्होंने संथाल परगना के डीआईजी राज कुमार लकड़ा ,पुलिस अधीक्षक वाईएस रमेश तथा सभी पुलिस जवानों को साधुवाद एवं धन्यवाद दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पूरे झारखंड के पुलिस के जवानों को धन्यवाद देता हूं क्योंकि उनकी वजह से ही आज आम लोग अमन चैन से अपनी जिंदगी जी रहे हैं. उन्होंने कहा कि समाज से भटके लोग मुख्यधारा से जुड़े और अपनी जिंदगी को बेहतर ढंग से जीये. सरकार समाज में खड़े अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है. पंडित दीनदयाल के अंत्योदय के सपनों को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है.

महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से समृद्ध बनाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य को अगर सशक्त और विकसित रूप में स्थापित करना है तो यहां की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना होगा. महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बना कर ही विकास की कल्पना की जा सकती है.

वर्ष 2022 तक सभी बेघरों को घर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गरीब के सर पर छत हो यह उसका सपना होता है. गरीबों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को छत देने का कार्य किया है. गरीब भी सम्मान के साथ अपनी जिंदगी जिए इस दिशा में सरकार ने एक से बढ़कर एक

कार्य किए हैं. मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2022 तक हर बेघर को घर देने का लक्ष्य निर्धारित किया है. प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने 2020 तक हर बेघर को घर देने का संकल्प लिया है और इस दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है.

केंद्र एवं राज्य सरकार ने महिलाओं को दिया सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है आज से पहले गैस कनेक्शन अमीर लोगों के घर में ही उपलब्ध होता था तथा गैस कनेक्शन अमीरी का मापदंड माना जाता था. अब हमारी माताओं-बहनों को धुँवा में खाना नहीं बनाना पड़ता है. उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी घरों में शौचालय बनाने का कार्य सरकार ने किया है. जहां 2014 में सिर्फ 18% घरों में शौचालय था वही आज लगभग सभी घरों में शौचालय उपलब्ध है. महिलाओं को शौच जाने के लिए अब अंधेरा का इंतजार नहीं करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान की चिंता की है. माताओं बहनों की पीड़ा को समझा है. उन्होंने कहा कि सखी मंडल के माध्यम से 24 लाख महिलाओं को सरकार ने आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य किया है. झारखंड का विकास युवाओं के हाथ में है युवा शक्ति को मजबूत करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कौशल विकास के माध्यम से हाथ में हुनर देकर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया है. पिछले 4 वर्षों में गरीब के जीवन में बदलाव लाने का कार्य सरकार ने किया है. सरकार की विकास की योजनाएं आज धरातल पर लोगों को दिखाई दे रही है।

खरीफ फसल के लिए राज्य के किसानों को प्रति एकड़ ₹5000 की सहायता राशि देगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में प्रति एकड़ किसानों को ₹5000 देने का प्रावधान किया गया है.अब हमारे अन्नदाता बीज या खेती के किसी अन्य सामग्री को खरीदने के लिए ऋण नहीं लेंगे.

राज्य में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना की हुई शुरुआत

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार 24 जनवरी से 5 प्रमंडल में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना लागू करेगी. इस योजना के तहत बच्ची के जन्म लेते ही मां के अकाउंट में ₹5000 की राशि भेजी जाएगी इसके उपरांत कक्षा पहली,पांचवी,आठवीं एवं दसवीं में जाने पर 5 हज़ार रुपए की सहायता राशि सरकार देगी. कक्षा 12वीं में 10 हजार की सहायता राशि सरकार सीधे बैंक खाते में भेजेगी तथा 18 वर्ष पूरे होने पर अगर वह बच्ची अविवाहित रहती है तो सरकार फिर से प्रोत्साहन राशि देगी. उन्होंने कहा कि आप बेटा बेटी में फर्क ना करें अपनी सोच को बदलें. इस दौरान उन्होंने मधुपुर के होल्डिंग टैक्स और यूजर चार्ज को कम करने की बात कही.

संस्कृति ही देश और राज्य की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा किसी भी देश और समाज की पहचान उसकी संस्कृति उसकी परंपरा से होती है. संस्कृति और परंपरा को ही ध्यान में रखते हुए आज मधुपुर महोत्सव का आयोजन किया गया है. उन्होंने कहा कि मैं जो आपसे वादा करता हूं उसे हर हाल में पूरा करता हूं. बिचौलिया मुक्त झारखंड बनाना सरकार का संकल्प है.

मधुपुर प्रकृति की गोद में बसा शहर

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्य सरकार के मंत्री श्री राज पालिवार ने कहा कि मधुपुर प्रकृति और संस्कृति की गोद में बसा शहर है. उन्होंने कहा कि कई महापुरुषों ने इस शहर को बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य किया है.उन्होंने कहा कि 4 वर्ष पूर्व मधुपुर में कई समस्याएं थी लेकिन सरकार ने पिछले 4 वर्षों में मधुपुर की लगभग सभी समस्याओं को दूर करने का कार्य किया है. मधुपुर की जनता का विश्वास सरकार के प्रति बढ़ा है. बिजली की समस्या दूर हुई है। 24 घंटे में लगभग 20 घंटे मधुपुर के लोगों को बिजली मिल रही है. मधुपुर शहरी जलापूर्ति योजना लगभग 64 करोड़ की लागत से बन रहा है. 103 करोड़ की लागत से बनने वाली जलापूर्ति योजना के माध्यम से मार्गोमुंडा के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुचाया जाएगा. 83 करोड़ की लागत से सभी घरों में जलापूर्ति योजना का कार्य किया जाएगा. उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में कन्वर्ट किया गया है. हाई स्कूल को प्लस टू में कन्वर्ट किया गया है. उन्होंने कहा कि मधुपुर में पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई प्रारंभ कर दी गई है आईटीआई कॉलेज हर प्रखंड में बनाया जा रहा है. अब यहां के विद्यार्थी को कहीं और जाकर पढ़ाई नहीं करनी होगी. मंत्री श्री राज पालिवार ने मुख्यमंत्री से मधुपुर में एमए और एमएससी की पढ़ाई शुरू करने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द मधुपुर में भी एक इंडोर स्टेडियम बनेगा. इनडोर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है. उन्होंने मुख्यमंत्री से मधुपुर में ओपन स्टेडियम निर्माण की मांग की. उन्होंने कहा कि यहां के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल सके इसे ध्यान में रखते हुए ओपन स्टेडियम का निर्माण यहां होना आवश्यक है. मंत्री ने कहा कि पथरोल तथा जगदीशपुर में बहुत जल्द थाना का उद्घाटन किया जाएगा.

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने मधुपर्क पत्रिका का विमोचन किया गया।

स्वागत संबोधन समाज सेवी अरविंद तिवारी ने दिया । इस दौरान मधुपुर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 21 प्रबुद्ध व्यक्तियों को माननीय मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

उद्घाटन समारोह में श्रम मंत्री श्री राज पलिवार , उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा एस पी नरेन्द्र कुमार सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

===================

#TeamPRD

(CMO/ Divisional PRD Dumka/ PRD DEOGHAR)